INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया एक सप्ताह में होगी पूरी

By : Editor Published On : 19 Sep, 2020 06:35 PM IST

आई एन वी सी न्यूज़
लखनऊ ,

उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी ने आज यहां लोक भवन में प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जी ने बेसिक शिक्षा विभाग में 31,661 सहायक अध्यापकों की भर्ती प्रक्रिया को एक सप्ताह में पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार युवाओं को नौकरी सहित रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित है।
श्री अवस्थी ने बताया कि अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा ने जानकारी दी है कि 31,661 पदों की भर्ती प्रक्रिया की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है। श्री अवस्थी ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा वर्ष 2017 से अब तक रिक्त पदों के सापेक्ष की गयी भर्ती में पुलिस विभाग में 137253 तथा बेसिक शिक्षा विभाग में 54706 भर्तियां की जा चुकी हैं। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में समूह 'ख', 'ग' एवं 'घ' की 8556 तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत 28622 भर्तियां सम्पन्न हुई हैं।
श्री अवस्थी ने बताया कि लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 के माध्यम से 26103 तथा उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से 16708 भर्तियां की गयी हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग (राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालय) के अन्तर्गत 14000 तथा उच्च शिक्षा विभाग (विश्वविद्यालय/महाविद्यालय) में 4615 भर्तियां की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि चिकित्सा शिक्षा विभाग में 1112, नगर विकास विभाग में 700, सहकारिता विभाग में 726, वित्त विभाग में 614 तथा प्राविधिक शिक्षा विभाग/व्यावसायिक शिक्षा विभाग में 365 भर्तियां, ऊर्जा विभाग में 6446 भर्तियां की गयी हैं। इस प्रकार वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अभी तक तीन लाख से अधिक भर्तियां की जा चुकी हैं।
श्री अवस्थी ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग में 69000 तथा पुलिस विभाग में 16629 भर्तियां, ऊर्जा विभाग में 853 भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। कुल 86482 भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जी 21 सितम्बर, 2020 को भर्तियों के सम्बंध में प्रदेश के सभी भर्ती बोर्डों के अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे।
श्री अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने कोविड-19 के संक्रमण के नियंत्रण एवं उपचार की व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि देश में कोविड-19 से सबसे अधिक प्रभावित राज्यों गोवा, पांडिचेरी, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, अण्डमान निकोबार, चण्डीगढ़ व कोलकाता के सापेक्ष उत्तर प्रदेश में मृत्यु की दर कम और रिकवरी दर अच्छी है। उन्होंने कहा है कि सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में ऑक्सीजन की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता के साथ-साथ बैकअप की व्यवस्था भी रहनी चाहिए और यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ऑक्सीजन निर्धारित मूल्य पर ही उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि जनपद लखनऊ, कानपुर नगर, प्रयागराज, झांसी, अयोध्या, मेरठ तथा गोरखपुर की विशेष मॉनिटरिंग करते हुए इन जिलों में

उपचार व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। उन्होंने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य से जनपद कानपुर नगर की स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया कि अब कानपुर नगर में शत-प्रतिशत कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की जा रही है।

श्री अवस्थी ने बताया कि मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि ई-संजीवनी एप के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही ओ0पी0डी0 सुविधा काफी उपयोगी सिद्ध हो रही है। ज्यादा से ज्यादा लोग इस सेवा से लाभान्वित हो सके, इसके दृष्टिगत ई-संजीवनी एप का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्हांेने कहा है कि कोविड-19 से बचाव के सम्बन्ध में जागरूकता अभियान जारी रखा जाए। इसके लिए प्रचार के विभिन्न साधनों के साथ-साथ पब्लिक एड्रेस सिस्टम का भी व्यापक स्तर पर उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री जी ने मेडिकल टेस्टिंग, डोर-टू-डोर सर्वे तथा कॉन्टैक्ट टे्रसिंग के कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कोविड चिकित्सालयों की व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त बनाया रखा जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि चिकित्सक एवं नर्सिंग स्टाफ नियमित राउण्ड लें। पैरामेडिक्स द्वारा मरीजों की गहन मॉनिटरिंग की जाए। एम्बुलेंस सेवाओं को प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार कल 7240 बसों के माध्यम से 10 लाख 19 हजार से अधिक लोगों ने यात्रा की।

श्री अवस्थी ने बताया कि गृह विभाग द्वारा धारा-188 के तहत 2,27,662 एफआईआर दर्ज करते हुये 4,29,619 लोगों को नामजद किया गया है। प्रदेश में अब तक 1,57,72,771 वाहनांे की सघन चेकिंग में 72,734 वाहन सीज किये गये। चेकिंग अभियान के दौरान 82,09,06,014 रूपए का शमन शुल्क वसूल किया गया। आवश्यक सेवाओं हेतु कुल 4,37,833 वाहनों के परमिट जारी किये गये हैं। कालाबाजारी एवं जमाखोरी करने वाले 1247 लोगों के खिलाफ 923 एफआईआर दर्ज करते हुए 446 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कोविड-19 टेस्टिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में कल एक दिन में अब तक का सर्वाधिक कुल 1,54,244 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 83,99,785 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घंटांे में कोरोना के संक्रमित 5827 नये मामले आये है। प्रदेश में 24 घंटे में 6596 लोग उपचारित हुए। प्रदेश में रिकवरी का प्रतिशत 79.39 है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 66,874 कोरोना के एक्टिव मामले है। उन्होंने बताया कि होम आइसोलेशन में 34,687 लोग हैं। होम आइसोलेशन में अब तक कुल 1,78,123 में से 1,43,436 की अवधि की पूर्ण हो चुकी है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,11,663 क्षेत्रों में 3,64,963 सर्विलांस टीमों के माध्यम से 2,41,01,016 घरों के 11,98,23,345 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है।

श्री प्रसाद ने बताया कि आरोग्य सेतु ऐप के माध्यम 11,49,328 लोगों को कॉल किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से कल 2447 लोगों ने घर बैठे चिकित्सकीय सलाह प्राप्त की। अब तक कुल ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से 85,809 लोगों ने चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। श्री प्रसाद ने बताया कि 17 सितम्बर, 2020 को सरकारी चिकित्सालयों में कुल 6723 का प्रसव हुआ है, जिसमें 6482 नॉर्मल डिलीवरी व 241 सिजेरियन डिलीवरी हुई। श्री प्रसाद ने बताया कि कल मुख्यमंत्री जी स्वास्थ्य विभाग की एक महत्वपूर्ण वेबसाइट/पोर्टल का शुभारम्भ करेंगे। जिसमें कोविड-19 की जांच के सम्बन्ध में मरीज द्वारा अपना मोबाइल नं0 अंकित करने पर उसके नं0 पर एक ओटीपी आएगी। जब मरीज द्वारा ओटीपी पोर्टल पर अंकित की जायेगी तब तत्काल उसकी रिपोर्ट प्राप्त हो जाएगी।

URL : https://www.internationalnewsandviews.com/सहायक-अध्यापकों-की-भर्ती/

INTERNATIONAL NEWS AND VIEW CORPORATION
INVC
अंतरराष्ट्रीय समाचार एवं विचार निगम

12th year of news and views excellency

Committed to truth and impartiality

Copyright © 2009 - 2019 International News and Views Corporation. All rights reserved.